भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2203**

दिनांक 23.11.2010/2 अग्रहायण, 1932 (शक) को उत्तर के लिए

**राजभाषा**

**2203. श्री अर्जुन राम मेघवाल:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किसी भाषा को राजभाषा घोषित करने संबंधी निर्धारित मानदण्ड क्या हैं; और

(ख) देश में कितनी भाषाओं को राजभाषा का दर्जा दिया जा चुका है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री अजय माकन )

**(क) भारत के संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार केवल हिन्दी संघ की राजभाषा है। किसी अन्य भाषा को संघ की राजभाषा घोषित करने संबंधी कोई मानदण्ड निर्धारित नहीं है।**

**(ख) हिन्दी भाषा के अतिरिक्त अन्य किसी भाषा को संघ की राजभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं है।**

----------